अमीमा रहीं अव्वल, हरिओम और अदिति का उल्लेखनीय प्रदर्शन

सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं मे केन्द्रीय विद्यालय के 37 मे 36 बच्चे हुए उत्तीर्ण

बांधवभूमि, उमरिया

जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षाओं मे शानदार प्रदर्शन कर अपने स्कूल, शहर और माता-पिता का नाम रौशन किया है। विगत दिनो संस्था द्वारा घोषित परिणामो मे 10वीं कक्षा की छात्रा अमीमा पिता फिरोजुल हक 96.67 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। अमीमा के पिता एसईसीएल जोहिला एरिया की पिपरिया कोयला खदान मे मैकेनिकल फिटर के रूप मे कार्यरत हैं। इसी तरह हरिओम पाण्डेय 89.83 प्रतिशत द्वितीय तथा छात्रा अदिति सिंह 88.83 प्रतिशत ने विद्यालय की टॉप लिस्ट मे अपना स्थान बनाया है। केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बिबियाना एक्का ने समस्त उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि विद्यालय के छात्र आगे भी इसी तरह सफलता के कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होने बताया कि इस बार केन्द्रीय विद्यालय उमरिया मे अध्ययनरत 37 मे 36 छात्र-छात्रायें परीक्षा मे सफल रहे हैं।

उमरिया खबर
उमरिया 15 मई 2024 बुधवार

केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा अमीमा ने मारी बाजी, हरिओम व अदिति ने भी बढ़ाया गौरव

उमरिया 14 मई 24 (उमरिया खबर)। सीबीएसई द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामो में केन्द्रीय विद्यालय उमरिया के 10वीं कक्षा के बच्चों ने इस बार भी परचम लहराया है। इस बार 10वीं की छात्रा अमीमा पिता फ़िरोजुल हक़ ने 96.67 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहीं।पिपरिया कालरी में मेकेनिकल फिटर के रूप में पदस्त पिता फ़िरोजुल हक़ ने बेटी की सफलता पर केंद्रीय विद्यालय के शिक्षको की सराहना की और कहा कि शिक्षकों का बच्चों के साथ प्रेम और अनुशासन छात्रों को कामयाबी दिलाता हैएबेटी की सफलता का मूल मंत्र भी यही है।इसके अलावा द्वितीय स्थान पर छात्र हरिओम पाण्डेय 89.83 प्रतिशत एवं छात्रा अदिति सिंह 88.83 अंको के साथ विद्यालय की प्रवीण्य सूची मे प्रथम स्थान अर्जित की है।केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती बिबियाना एक्का ने सभी उत्तीर्ण छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकगणो व अभिभावकों को दिया। प्राचार्य ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि अपनी लगन व मेहनत कर जिस प्रकार से छात्र . छात्राओं ने सफलता हासिल की है उसी प्रकार से स्कूल के छात्र आगे भी सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर अपने माता.पिताए विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन करेंगे। बताया गया कि केन्द्रीय विद्यालय उमरिया में अध्ययनरत 37 छात्राओं में 36 छात्र . छात्राओं ने सफलता अर्जित की है।